संख्या- 06 /2023/ 77-3002(003)/6/2022/001-383

प्रेषक,

मनोज कुमार मौर्य,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
यूपीडा, पर्यटन भवन,
गोमती नगर लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 16 मार्च, 2023

विषय:- वित्तीय वर्ष **2022-23** में आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित **06** लेन एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना में उपलब्ध धनराशि की मांग के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक **2401/**यूपीडा/बुन्देलखण्ड/**2023** दिनांक **27.02.2023** का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष **2022-23** में आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित **06** लेन एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना में अनुदान संख्या-**07** के लेखाशीर्षक **''5054**-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय **03**-राज्य राजमार्ग **337**-सड़क निर्माण कार्य- **03** आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित **06** लेन एक्सप्रेववे परियोजना का सुदृढीकरण **24**-वृहद निर्माण कार्य' ' हेतु कुल रू**0 52224.00** लाख का प्राविधान किया गया है।

**2 .** अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष **2022-23** में सी**0**आर**0**आर**0**आई**0** के रोड सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट के संस्तुत कार्यो हेतु धनराशि रू**0 100.00** करोड का बजट प्राविधान किया गया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेंसवे परियोजना हेतु सी**0**आर**0**आर**0**आई**0** के सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट के संस्तुत कार्यो जिसमें एक्सप्रेसवे के दोनों ओर मेन कैरेज-वे पर वेल्डेंड मेंसफेन्सिग का कार्य**,** एकसप्रेसवे पर जानवरों का प्रवेश रोकने के लिए इन्टर

चेंज के प्रवेश व निकास रैम्प पर कैटल कैचर लगाने का कार्य, एकसप्रेसवे के मीडियन पर इलेक्ट्रिक पोलों को सुरक्षित करने हेतु दोनों तरफ मीडियन के सामान्तर एम0बी0सी0बी0 लगाने का कर्य तथा एकसप्रेसवे के किमी0 291 व किमी0 21 (आर0एच0एस0 एवं एल0एचएस0) में टोल प्लाजा के समीप टॅायलेट ब्लॉक एवं कैन्टीन निर्माण के कार्य आदि किये जाने हेतु धनराशि रू0 70.00 करोड की मांग की गयी है।

3 . इस संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 06 लेन एक्सप्रेसवे ग्रीन फील्ड परियोजना में अनुदान संख्या-07 के लेखाशीर्षक "5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय 03-राज्य राजमार्ग 337-सड़क निर्माण कार्य- 03 आगरा-लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 06 लेन एक्सप्रेववे परियोजना का सुदृढीकरण 24-वृहद निर्माण कार्य" के अन्तर्गत रू0 52224.00 लाख का बजट प्राविधान किया गया है। उक्त प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष शासनादेश संख्या- 14/2022/001-480-7-3-2022 दिनांक 22 .04.2022 द्वारा रू0 10000.00 लाख एवं शासनादेश संख्या- 29/2022/77-3022(003)/6/2022/001-1132 दिनांक 25.07.2022 द्वारा रू0 10000.00 लाख एवं शासनादेश संख्या- 2022/77-3002(003)/6/2022/001-1754 दिनांक 02.12.2022 द्वारा रू0 10000.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत् की जा चुकी है सम्प्रति निर्गत किये जाने हेतु धनराशि रू0 22254.00 लाख अवशेष है। उक्त प्राविधानित अवशेष धनराशि रू0 22254.00 लाख के सापेक्ष रू0 70,00,00,000/- (रुपये सत्तर करोड़ मात्र ) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धोंके अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों</u>

**(1)** धनराशि का आहरण कर यूपीडा के बैंक खाते में जमा की जायेगी।

**(2)** यूपीडा द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथासमय महालेखाकार कार्यालय तथा शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

**(3)** यदि आहरित धनराशि पर कोई ब्याज प्राप्त होता है तो उसे राजकोष में किया जायेगा।

**(4)** धनराशि का आहरण सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त नियमानुसार किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि के व्यय में वित्त आय व्ययक अनुभाग- 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या सं- 15/2021/ बी- 1-829/ दस- 2021-231/2022 दिनांक 30.12.2021, वित्त

(आय-व्ययक) अनुभाग- **1** के शासनादेश संख्या: **5/2022/** बी- **1-224/** दस- **2022-231/2022** दिनांक- **29** मार्च **2022** एवं शासनादेश सं **0-13/2022/** बी- **1-454/** दस- **2022-231/2022** दिनांक **07.06.2022** मे द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**(5)** स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

**4-** इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये **70,00,00,000** ( रुपये सत्तर करोड़ मात्र ) के चालू वित्तीय वर्ष **2022-23** के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या 0 0 7 लेखा शीर्षक 5054033370300** आगरा से लखनऊ एक्सप्रेस-वे परियोजना का सुदृढ़ीकरण **मानक मद 24** वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

**5-** यह आदेश वित्त (आय - व्ययक ) अनुभाग - **1** के कार्यालय ज्ञाप संख्या - **13 / 2022/** बी-**1-454/**दस-**2022-231/2022,** दिनांक- **07**-जून **2022** में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

**Signed by मनोज कुमार मौर्य**
**Date: 16-03-2023 20:11:07**
**Reason: Approved**

(मनोज कुमार मौर्य),
उप सचिव,

संख्या- 06 **/2023/ 77-3002(003)/6/2022/001-383,** तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

**1.** महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

**2.** महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।

**3.** मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

**4.** निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।

**5.** निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उ०प्र० शासन ।

**6.** वित्त (ई-**6**) अनुभाग-**6/**औद्योगिक विकास अनुभाग-**2**

**7.** वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-**1**

**8.**नोडल बजट एलाटमेन्ट सिस्टम।

9. गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य),
उप सचिव,